# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# <u>ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण एवं मास्क वितरण अभियान</u>

दिनांक 23–जुलाई–2020 को संत कृपाल सिंह विधि महाविद्यालय, लामा, बाँदा के छात्रों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण एवं मास्क वितरण अभियान की शुरूआत की गई।

पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण एवं वैश्विक महामारी COVID-19 की रोकथाम हेतु श्री राजा बाबू सिंह जी (IPS) की प्रेरणा से छात्र/छात्राओं द्वारा अभियान के पहले दिन ग्राम लामा के चयनित सार्वजनिक स्थानों पर नीम, पीपल, एवं पाकड़ जैसे औषधीय वृक्षों का रोपण किया गया। साथ ही उपस्थित ग्राम वासियों को COVID-19 (कोरोना वायरस) के संक्रमण से बचाव हेतु जागरूक कर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तैयार किये गये कपड़े के तीन परतीय मास्क तथा वृक्ष भी वितरित किये गये।

छात्रों ने ग्राम वासियों को वृक्षारोपण का महत्व समझा रोपित वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया तथा COVID-19 के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क एवं सेनिटाइजर के उपयोग हेतु आग्रह किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं मे चेतन स्वरूप, कु0 कन्चन, प्रीति सविता, मधु चौरसिया, जूली धुरिया, वसुन्धरा सिंह, जय ओमर तथा स्वामी रणछोड़ दास विद्यालय, लामा के प्राचार्य श्री जीतेन्द्र सिंह एवं अन्य उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम को सोशल डिसटेंसिंग सहित कोरोना के संक्रमण से बचाव के सभी शासकीय नियमों का पालन करते हुए सम्पन्न किया गया।

**दिनांक : 23–जुलाई–2020**
**www.sksil.ac.in**